अनुक्रमांक .............................

कूट सं. : 820151.1-$SA_2$(W)

कक्षा - आठवीं

# हिंदी

(संकलनात्मक मूल्यांकन - II)

कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 19 प्रश्न हैं और कुल 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

निर्धारित समय : 3 घंटे

अधिकतम अंक : 90

सामान्य निर्देश :

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं - '<u>क</u>' और '<u>ख</u>'।
2. दोनों खंड अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
4. उत्तर-पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्नपत्र में दी गई है।

## खंड - 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 5×1=5

अत्यधिक प्रदूषित हो चली गंगा में अब साधु-संत भी डुबकी लगाने से बचने लगे हैं। फ़ैक्ट्रियों के प्रदूषित मल-जल, कीटनाशकों व रसायन खाद का बढ़ता प्रयोग, घरेलू सीवर का गंदा पानी आदि गंगा प्रदूषण के लिए जिम्मेदार तो हैं ही, हमारे धार्मिक अंधविश्वास भी गंगा को प्रदूषित करने के लिए कम जिम्मेदार नहीं हैं। क्या रासायनिक पदार्थों से बनी देवी-देवताओं की मूर्तियों का विसर्जन गंगा को प्रदूषित नहीं करता? क्या हमारे गंगा-स्नान करने से हमारे ही शरीर की गंदगी से गंगा प्रदूषित नहीं होती? इसी तरह क्या गंगा किनारे शवदाह करने से गंगा प्रदूषित नहीं होती? यदि आप वास्तव में गंगा को प्रदूषण से मुक्त कराना ही चाहते हैं तो सरकार का इस ओर ध्यानाकर्षण कराने के साथ-साथ जनता को भी धार्मिक अंधविश्वासों से बाहर निकालने हेतु अलख जगाएँ। देशवासियों को बताएँ कि जिन कार्यों से गंगा प्रदूषित होती है उस कार्य से हमारा प्रत्येक देशवासी स्वयं को विरत रखे अर्थात् ऐसे कार्यों से दूर रहे।

(क) साधु संत गंगा में डुबकी लगाने से क्यों बचने लगे हैं?

(ख) किन कारणों से गंगा प्रदूषित हो रही है? (किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए)

(ग) धार्मिक अंधविश्वास से आप क्या समझते हैं?

(घ) गंगा को प्रदूषण मुक्त रखने की जिम्मेदारी आप किसे मानते हैं?

(ङ) पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए किन जीवन-मूल्यों की आवश्यकता है?

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के सही विकल्प चुन कर लिखिए- 1×5=5

दो में से क्या तुम्हें चाहिए कलम या कि तलवार,
मन में ऊँचे भाव कि तन में शक्ति अजेय अपार।
अंध कक्ष में बैठ रचोगे ऊँचे मीठे गान,
या तलवार पकड़ जीतोगे बाहर का मैदान।
कलम देश की बड़ी शक्ति है भाव जगाने वाली,
दिल ही नहीं दिमागों में भी आग लगाने वाली।
पैदा करती कलम विचारों के जलते अंगारे,
और प्रज्जवलित प्राण देश क्या कभी मरेगा मारे।
एक भेद है और वहाँ निर्भय होते नर-नारी,
कलम उगलती आग जहाँ अक्षर बनते चिंगारी।
जहाँ मनुष्यों के भीतर हरदम जलते हैं शोले,
बादलों में बिजली होती, होते दिमाग में गोले।
जहाँ पालते लोग लहू में हालाहल की धार,
क्या चिंता यदि वहाँ हाथ में नहीं हुई तलवार।

(क) कवि कलम को अनिवार्य क्यों मानता है?

(i) भाव व्यक्त करने के लिए (ii) संसार जीतने के लिए
(iii) शासन के लिए (iv) इतिहास रचने के लिए

(ख) कविता में किसे श्रेष्ठ बताया गया है?

(i) कलम को (ii) तलवार को
(iii) दोनों को (iv) परिस्थिति को

(ग) 'हालाहल' का क्या अर्थ है?

(i) कलम (ii) विष
(iii) अमृत (iv) तलवार

(घ) मनुष्य के मन-मस्तिष्क में उत्तेजना पैदा करती है -

(i) कलम (ii) कृपाण

(iii) शोले (iv) अंगारे

(ङ) 'नर-नारी' में कौन-सा समास है?

(i) द्विगु (ii) द्वन्द्व

(iii) तत्पुरुष (iv) अव्ययी भाव

3. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक की संधि कीजिए - 1

(i) दिक्+गज (ii) तत्+लीन

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का संधि विच्छेद कीजिए - 1

(i) संवाद (ii) जगदीश

4. निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विशेषण बनाइए - 1

(i) अहिंसा (ii) साहस

5. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- 2

(i) संध्या (ii) सर्प (iii) घर

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विलोम शब्द लिखिए। 1

(i) साकार (ii) बंजर

6. (क) निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध करके लिखिए - 1

आप यह काम तो करिए।

(ख) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -

(i) तुम कहाँ जा रहे हो? (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए।) 1

(ii) उसके पास एक कोट है। (निषेधवाचक वाक्य में बदलिए।) 1

7. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए - 2

(i) नीलकंठ (ii) पंचवटी (iii) यथाशक्ति

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के स्थान पर समस्त पद और समास का नाम लिखिए - 1

सज्जन व्यक्ति <u>हानि और लाभ</u> की चिंता किए बिना परिश्रम करते हैं।

**<u>अथवा</u>**

<u>विद्या रूपी धन</u> परिश्रम किए बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता।

8. (क) निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए - 2

(i) नाक में दम करना

(ii) सिर आँखों पर बिठाना

(ख) उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए - 1

विवाहोत्सव में फूलों की सजावट ने

______________ लगा दिए।

**<u>अथवा</u>**

सफलता प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को ज़ोर लगाना पड़ता है।

9. 'मानवीकरण' अथवा 'अतिशयोक्ति' अलंकार का उदाहरण देकर प्रयुक्त अलंकार को स्पष्ट कीजिए। 3

10. लोगों में सफाई के प्रति बढ़ती जागरुकता के संबंध में अपने विचार प्रकट करते हुए 'नवभारत टाइम्स' दैनिक पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। 5

**<u>अथवा</u>**

हिन्दी दिवस पर कवि-गोष्ठी के आयोजन हेतु प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग (80–100) शब्दों में अनुच्छेद लिखिए– 5

(क) विज्ञान के बढ़ते चरण

- महत्त्व
- मिलने वाले लाभ
- हानि
- विज्ञान का विनाशकारी रूप

(ख) बाल मजदूरी : एक कलंक


- बाल मजदूरी क्या है
- मजदूरी के कारण
- निवारण

(ग) काश! मैं अभिनेता/अभिनेत्री होता/होती

- अभिनेता बनने के कारण
- समाज के प्रति जिम्मेवारी
- प्रसिद्ध होना / धन कमाना

12. निम्नलिखित चित्र को देखकर मन में उत्पन्न हुए भावों को 60–70 शब्दों में लिखिए – 4

(चित्र से संबंधित विषय का उल्लेख भी किया जा सकता है।)



13. दीपावली के अवसर पर पटाखे चलाने अथवा न चलाने को लेकर दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद-शैली में लिखिए। 4

14. वन विभाग द्वारा वृक्षों के संरक्षण हेतु एक विज्ञापन बनाइए। 4

## <u>खंड - 'ख'</u>

15. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 5×1=5

मैया कबहिं बढ़ैगी चोटी।
किती बार मोहिं दूध पिवत भई यह अजहूँ है छोटी।।
तू तो कहति बल की बैनी ज्यों ह्वै है लांबी मोटी।
काढ़त गुहत न्हवावत ओछत नागिनि-सी भुंई लोटी।।
काचो दूध पिवावति पचि-पचि देति न माखन रोटी।
सूर स्याम चिरजीवौ दोउ भैया हरि-हलधर की जोटी।।

(क) यशोदा मैया से कौन क्या शिकायत कर रहा है?

(ख) कृष्ण अपनी चोटी न बढ़ने के लिए यशोदा को क्या उलाहना देते हैं?

(ग) 'बल' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

(घ) सूरदास अपनी किस इच्छा को प्रकट कर रहे हैं?

(ङ) सूरदास ने किस भाषा में काव्य रचना की है?

16. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 5×1=5

ईर्ष्या की बड़ी बेटी का नाम निंदा है। जो व्यक्ति ईर्ष्यालु होता है, वही व्यक्ति बुरे किस्म का निंदक भी होता है। दूसरों की निंदा वह इसलिए करता है कि इस प्रकार दूसरे लोग जनता अथवा मित्रों की आँखों से गिर जाएँगे और तब जो स्थान रिक्त होगा, उस पर अनायास मैं ही बिठा दिया जाऊँगा। मगर, ऐसा न हुआ और न आगे होगा। दूसरों को गिराने की कोशिश तो, अपने को बढ़ाने की कोशिश नहीं कही जा सकती। एक बात और है कि संसार में कोई

भी मनुष्य निंदा से नहीं गिरता। उसके पतन का कारण अपने ही भीतर के सद्‌गुणों का ह्रास होता है।

(क) 'निंदा' से आप क्या समझते हैं?

(ख) ईर्ष्यालु व्यक्ति दूसरे की निंदा क्यों करता है?

(ग) आपके अनुसार मनुष्य का पतन कब होता है?

(घ) अपनी उन्नति किस प्रकार सम्भव है?

(ङ) 'दूसरों को गिराने' से आप क्या समझते हैं?

17. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए - 4×3=12

(क) अपने किन गुणों के कारण कल्पना चावला नासा पहुँची और अपना स्वप्न साकार कर सकीं?

(ख) जीवनलाल की तुलना में राजेश्वरी कमला की पीड़ा को अधिक समझती हैं। कैसे?

(ग) कहानी के अंत में भोलाराम ने बिना अनुमति के पंप लगवा लिया। आपकी दृष्टि में ऐसा करना उचित था? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(घ) बातचीत करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

(ङ) सोना के प्रति महादेवी का प्रेम उनके किन गुणों को व्यक्त करता है?

18. निम्नलिखित में से किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए - 6×2=12

(क) महाराज दशरथ के चारों पुत्र किस चीज को माँगने की जिद करते हैं? उसे प्राप्त करने के लिए क्या-क्या करते हैं?

(ख) अम्मा आगरा जाने के लिए सामान क्यों बाँधने लगी?

(ग) 'बहू की विदा' एकांकी में किस सामाजिक समस्या को उठाया गया है? इस समस्या का समाधान किस प्रकार हो सकता है?

(घ) गर्मी का वृक्षों पर क्या प्रभाव पड़ा? भीषण गर्मी के कारण सड़के कैसी हो गई थीं?

(ङ) सामाजिक रोग किसे कहा गया है? 'बातचीत की कला' पाठ के आधार पर लिखिए।

(च) बातचीत में विनोदप्रियता का मरहम लगाकर किसे पराजित किया जा सकता है?

(छ) फ्लोरा किसके संरक्षण में अपने बच्चों को छोड़कर आश्वस्त रहती थी और क्यों?

19. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए :- 6×1=6

(क) कल्पना चावला पहली बार अंतरिक्ष यात्रा पर कब गई?

(i) 1995 (ii) 1996

(iii) 1997 (iv) 1998

(ख) लेखिका को हिरन पालने के लिए किसने दिया था?

(i) रेखा (ii) नेहा

(iii) सुरेखा (iv) सुस्मिता

(ग) 'दोपहरी' कविता में किस वर्ग पर व्यंग्य किया गया है?

(i) निर्धन वर्ग (ii) पूँजीपति वर्ग

(iii) शोषित वर्ग (iv) निम्न वर्ग

(घ) 'तुम्हारी निंदा वही करेगा जिसकी तुमने भलाई की है।' - यह कथन किसका है?

(i) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर (ii) नीत्से

(iii) रामचंद्र शुक्ल (iv) रामधारी सिंह दिनकर

(ङ) 'कामचोर' कहानी के लेखक का क्या नाम है?

(i) शशि प्रभा शास्त्री (ii) इस्मत चुगताई

(iii) ईश्वर शर्मा (iv) महादेवी वर्मा

(च) फ़र्शी दरी साफ़ करने के बाद बच्चों की फौज ने किस कार्य को अंजाम दिया?

(i) पेड़ों को पानी देना (ii) मूर्गियों को दड़बे में बाँधना

(iii) पानी भरना (iv) झाड़ू लगाना